Result Mitra UPPSC-2024 MAINS TEST SERIES 100% FREE
Test No. 1 (Hindi)

1. उद्देश्य प्राप्ति में यह परम आवश्यक है कि आप अपने शारीरिक एवं मानसिक बल को अधिक प्रयोग में लायें। पराश्रित बैठने वाले कभी भी सफल नहीं होते हैं। आजकल के नवयुवक सदा दूसरे का मुँह निहारा करते हैं या समय और भाग्य को कोसा करते हैं। उचित अवसर की खोज व्यक्ति को स्वयं करनी पड़ती है, फिर अपने विवेक, संयम और परिश्रम से दृढ़ संकल्प हो आगे बढ़े, तो उद्देश्य स्वयं ही आपकी ओर बढ़ेगा। कतिपय लोग तो सदा ही समाज और समय से रूष्ट रहते हैं। वे परिस्थितियों के प्रतिकूल होने की आड़ में अपने प्रमाद को ओढ़े रहते हैं। छात्रावस्था में व्यवहारिकता का अभाव प्रायः देखा जाता है। ऐसे में अनुभवी व्यक्तियों के अनुभवों का लाभ उठाकर सफलता प्राप्त होती है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए। 5

(ख) उद्देश्य प्राप्ति के लिए क्या करना अपेक्षित है? उपर्युक्त उद्धरण के आधार पर स्पष्ट कीजिए। 5

(ग) उपर्युक्त गद्यांश की रेखांकित पंक्तियों की व्याख्या कीजिए। 20

2. प्रबुद्ध मानव और अन्य प्राणियों में सबसे बड़ा अंतर है - मानव की वह क्षमता जिससे उसने भाषा का विकास किया है। भाषा की आवश्यकता इस बात से स्पष्ट होती है कि बिना उसके मानव का कोई भी काम सरलता से संभव नहीं है। इस भाषा को वह अनेक तरह से आवश्यकतानुसार प्रयोग में लाता है। इसलिए जब हम बातचीत के लिए भाषा का प्रयोग करते हैं तो वह भाषा 'सामान्य भाषा' कहलाती है। जब हम उसका प्रयोग कविता, कहानी, नाटक, उपन्यास आदि लिखने के लिए करते हैं तो उसे 'साहित्यिक भाषा' कहते हैं। जब हम वैज्ञानिक या तकनीकी विषयों के बारे में जानने के लिए भाषा को माध्यम बनाते हैं तब उस भाषा को 'वैज्ञानिक' या 'तकनीकी भाषा' कहते हैं।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। 5

(ख) सामान्य-भाषा और वैज्ञानिक-तकनीकी भाषा का अर्थ स्पष्ट कीजिए। 5

(ग) उपर्युक्त गद्यांश का संक्षेपण कीजिए। 20

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(क) उतर प्रदेश राज्य परिवहन निगम के अध्यक्ष की ओर से पुलिस अधीक्षक को एक पत्र लिखिए, जिसमे परिवहन सुरक्षा संबंधी कमियों को दूर करने का अनुरोध किया गया हो। 10

(ख) काल्पनिक विधानसभा में विधायक के त्यागपत्र देने के कारण रिक्त स्थान पर उपचुनाव की घोषणा से संबंधित अधिसूचना का प्रारूप प्रस्तुत कीजिए। 10

4. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करें। 5

1. दंगे में कई निरपराधी व्यक्ति मारे गये।
2. जंगली फल और झरनों का पानी पीकर हम आगे बढ़े।
3. यह एक गहरी समस्या है।
4. यह आँखों से देखी घटना है।
5. मैनें आपके घर में रखी पुस्तक को देख ली।

5. निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त उपसर्गो का निर्देश कीजिए। 5

निरूपण, पर्यटन, दुस्साध्य, निर्वसन, संगोष्ठी

Result Mitra TM

(ख) निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त प्रत्ययों को अलग कीजिए। 5

तन्द्रालु, गड़रिया, राधेय, शैव, नीलिमा

6. निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखें। 10

विपन्न, स्तुत्य, उद्धत, त्याज्य, सलज्ज, उदात्त, कृतज्ञ, नैसर्गिक, स्निग्ध, विहित

7. निम्नलिखित वाक्यांशों या पदबंधों के लिए एक-एक शब्द लिखिए। 10

1. तैरकर पार करने वाला
2. बच्चों से लेकर बूढ़ों तक
3. आकाश को चुमनेवाला
4. जो सूर्य न देखे ऐसी स्त्री
5. बिना पलक झपकाए

8. निम्नलिखित मुहावरों/लोकोक्तियों के अर्थ लिखिए और उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए। 10+20

1. चूहें के चाम से नगाड़ा नहीं बनता।
2. कुँए में भांग पड़ना।
3. झूठ के पांव नहीं होते।
4. जब तक सांस, तब तक आस।
5. फूहड़ चाले, नौ घर हालें।
6. गुरू कीजे जान के, पान पीजे छान के।
7. जैसा देश वैसा भेष।
8. अरहर की टट्टी गुजराती ताला।
9. आठ-आठ आँसू बहाना।
10. पर उपदेश कुशल बहुतेरे।

Result Mitra